भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2760 का उत्तर

बरेली से चलने वाली रेलगाड़ियां

2760. श्री धर्मेन्द्र कश्यप:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बरेली से दक्षिण भारत की ओर चलाए जाने वाली रेलगाड़ियों की कुल संख्या क्या है;
(ख) क्या बरेली से चेन्नई, मुम्बई, बैंगलौर और पुणे तक कोई रेलगाड़ी सीधे चलाई जा रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का बरेली से उक्त स्थानों तक रेलगाड़ियां सीधे चलाए जाने का विचार है;
(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): 23 मार्च, 2020 से नियमित पैसेंजर गाड़ी सेवा को बंद करने से पहले, बरेली-मुंबई खंड पर 2 जोड़ी रेलगाड़ी अर्थात 14313/14314 लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई-बरेली एक्सप्रेस (साप्ताहिक) और 22975/22976 मुंबई-रामनगर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) चलाई जा रही थी। जहां तक बरेली स्टेशन की चेन्नई, बेंगलुरु तथा पुणे, जैसे स्टेशनों के साथ कनेक्टिविटी का संबंध है, यात्री दिल्ली में गाड़ी बदलकर यात्रा कर सकते हैं। बरेली से चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे के लिए सीधी रेल गाड़ी शुरु करना परिचालनिक कठिनाइयों और संसाधन की तंगियों के कारण फिलहाल व्यवहारिक नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल पर गाड़ियों को चलाना एक सतत प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक औचित्य पर निर्भर करता है।

*****